जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2018/282 **दिनांक : 06.03.2018**

प्रति,

आवश्यक सूचना

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त शासकीय एवं अशासकीय सम्बद्व महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- स्नातक- बी0ए0, बी0कॉम0, बी0एस0सी, बी0एस0सी0 (होम साइंस) प्रथम वर्ष (वार्षिक परीक्षा पद्धति सत्र 2017-18 से प्रभावशील) के नियमित/असंस्थागत एंव भूतपूर्व छात्र/छात्राओं हेतु) वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल 2018 हेतु छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक **23.03.2018** तक सम्पन्न कराने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, **स्नातक- बी0ए0, बी0कॉम0, बी0एस0सी, बी0एस0सी0 (होम साइंस) प्रथम वर्ष (वार्षिक परीक्षा पद्धति सत्र 2017-18 से प्रभावशील) के नियमित/असंस्थागत एंव भूतपूर्व छात्र/छात्राओं हेतु) वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल 2018** की प्रायोगिक परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिसम्बर-2017 के तृतीय/पंचम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा हेतु जिन बाहृय परीक्षकों को नियुक्त किया गया था उन्ही बाहृय परीक्षकों को प्रथम वर्ष **वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल 2018** की प्रायोगिक परीक्षा हेतु बाहृय परीक्षक नियुक्त किया जाता है। कृपया आप उक्त बाहृय परीक्षकों में से जो उपलब्ध हो उससे सम्पर्क कर प्रायोगिक परीक्षाऐं दिनांक **23.03.2018** सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

आपको यह पुनः स्मरण कराया जाता है कि, आपके महाविद्यालय के लिये नियुक्त बाहृय परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये हैं।

विशेष नोटः- परीक्षा आवेदन ऑनलाईन होने के पश्चात् तत्काल प्रभाव से समस्त छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में ऑनलाईन अपडेट अवश्य करें। आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन अपडेट न होने की स्थिति में छात्र का डॉकेट एवं उपस्थिति पत्रक तथा प्रवेश-पत्र ऑनलाईन जनरेट नहीं किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी। तथा ऐसे छात्र/छात्रा को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में सम्मलित नहीं किया जावेगा

महाविद्यालय प्राचार्य आवश्यक रूप से यह भी सुनिश्चित करें कि, महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट हों, यदि महाविद्यालय द्वारा किसी छात्र/छात्रा के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑफलाइन हार्डकॉपी पर अंकित कर भेजे जाते है तो ऐसे अंक विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं किये जावेंगे। आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंको के अपडेट नहीं किये जाने की स्थिति में छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित किया जावेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा। ऐसे किसी भी प्रकरण में होने वाली किसी भी बैधानिक कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्राचार्य स्वंय जिम्मेदार होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित/भूतपूर्व/असंस्थागत छात्र/छात्राओं के ऑफलाइन आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगें।

विशेष सूचनाः- प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंको को ऑनलाइन अपडेट करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र लिंक उपलब्ध कराई जावेगी। जिसकी सूचना अतिशीघ्र प्रसारित की जावेगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. उप/सहा0 कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप कुलसचिव (गोपनीय)